No. of Printed Pages : 4

बी.एच.डी.ई.-108 / ई.एच.डी.-8

स्नातक उपाधि कार्यक्रम

सत्रांत परीक्षा

01596

जून, 2015

ऐच्छिक पाठ्यक्रम : हिन्दी

बी.एच.डी.ई.-108 / ई.एच.डी.-8 : प्रयोजनमूलक हिन्दी

समय : 3 घण्टे *अधिकतम अंक : 100*

नोट : खण्ड क, ख और ग के प्रश्नों के उत्तर निर्देशानुसार दीजिए ।

खण्ड क

निम्नलिखित में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 500 शब्दों (प्रत्येक) में दीजिए । *2×20=40*

1. मौखिक और लिखित भाषा का स्वरूप स्पष्ट कीजिए ।

2. प्रयोजनमूलक हिन्दी के विविध रूपों की चर्चा कीजिए ।

3. हिन्दी के सामान्य और वैज्ञानिक भाषा-रूपों में अंतर स्पष्ट कीजिए ।

4. जनसंचार-माध्यमों में हिन्दी भाषा के प्रयोग का विवेचन कीजिए ।

खण्ड ख

5. निम्नलिखित में से किन्हीं ***चार*** प्रश्नों के उत्तर लगभग 250 – 250 शब्दों में लिखिए : *4×10=40*

(i) कार्यालय-आदेश का स्वरूप स्पष्ट कीजिए ।

(ii) जल-आपूर्ति की बाधा के संदर्भ में नगर-निगम को एक पत्र लिखिए ।

(iii) टिप्पण-लेखन की विशेषताएँ बताइए ।

(iv) मसौदा-लेखन का स्वरूप स्पष्ट कीजिए ।

(v) शब्दावली-निर्माण की प्रक्रिया में पर्याय-निर्धारण की भूमिका स्पष्ट कीजिए ।

(vi) जनसंचार के विविध माध्यमों का परिचय दीजिए ।

(vii) 'संपादन' कला की विशेषताएँ स्पष्ट कीजिए ।

(viii) हिन्दी समाचार-पत्रों की भाषा की विशेषताएँ बताइए ।

खण्ड ग

*इस खण्ड के **सभी** प्रश्न अनिवार्य हैं ।*

6. निम्नलिखित में से किन्हीं ***दो*** प्रश्नों के उत्तर लगभग 150 – 150 शब्दों में दीजिए : *2×5=10*

(i) हिन्दी की लिपि और वर्तनी का मानक रूप लिखिए ।

(ii) प्रयोजनमूलक हिन्दी के महत्त्व पर विचार कीजिए ।

(iii) कार्यालय-हिन्दी में अनुवाद की आवश्यकता पर प्रकाश डालिए ।

(iv) लोकप्रिय वैज्ञानिक लेखन पर लघु निबंध लिखिए ।

7. निम्नलिखित में से *सही* अथवा *ग़लत* कथन का उल्लेख कीजिए : *3×1=3*

(i) संपादक कभी-कभी समाचार का पुनःलेखन भी करता है । (सही/ग़लत)

(ii) वाणिज्य-क्षेत्र में केवल प्रशासनिक हिन्दी का प्रयोग होता है । (सही/ग़लत)

(iii) पारिभाषिक शब्दावली में एकरूपता होती है । (सही/ग़लत)

8. सही शब्द चुनकर वाक्य पूरे कीजिए : *3×1=3*

(i) कंप्यूटर अनुवाद का सबसे अधिक प्रयोग ________ साहित्य के संदर्भ में किया जा रहा है । (वैज्ञानिक/सर्जनात्मक)

(ii) संक्षेपण करते समय ________ का ध्यानपूर्वक अध्ययन करना चाहिए । (मूल अंश/संक्षिप्त रूप)

(iii) भाषा का मानकीकरण ________ है । (अनावश्यक/आवश्यक)

9. निम्नलिखित शब्दों के हिन्दी पर्याय बताइए : *4×1=4*

(i) Corporation

(ii) Director

(iii) Red tapism

(iv) Registration